# रचनात्मक परीक्षा - 2

VI Class — MARKS– 20 M

Hindi — Time : 40 Mts

**I. सुनो-बोलो :** — 2 X 2 = 4 M

1. यातायात के साधनों के नाम बताओ ।
2. बाज़ार में क्या-क्या मिलता है ?

**II. पढ़ना :** — 6 X 1 = 6 M

**समान शब्दों की जोड़ी बनाओ ।**

| | |
|---|---|
| उमा | टिकट |
| ऊन | छतरी |
| घड़ी | ऊन |
| चाय | उमा |
| छतरी | घड़ी |
| टिकट | चाय |



**III. लिखो :** — 5 x 1 = 5 M

(अ) मात्रा जोड़ो। लिखो।

| | क | ख | घ | च | छ | ड | न | म | र | ल | स |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ा | | | | | | | | | | | |
| ि | | | | | | | | | | | |
| ी | | | | | | | | | | | |
| ु | | | | | | | | | | | |
| ू | | | | | | | | | | | |

**(आ) नीचे दिये गये वर्णों और मात्राओं से नये शब्द बनाओ ।** — 5 x 1 = 5 M

क, ज, ट, न, फ, ब, भ, र, ल,

प, अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ,

ा, ि, ी, ु, ू, ृ

ऋषि

**Reddem Pratap Reddy, SA(Hindi), ZPPHS-KATHERU, RAJAHMUNDRY RURAL, E.G.Dt.** *CEL:* **9989075768.**

# रचनात्मक परीक्षा - 2

**VII Class** MARKS– 20 **M**
**Hindi** Time : 40 **Mts**

## I. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । 5 X 1 = 5

जग में सबसे न्यारा देश,
अपना प्यारा भारत देश ।
हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई,
की आँखों का तारा देश ॥

ऊँचे शिखरों वाला देश,
चंचल नदियों वाला देश ।
सोने, चाँदी, हीरे जैसी,
फसलों वाला प्यारा देश ॥

1. जग में सबसे न्यारा देश क्या है ?
2. भारत देश हमारे लिए कैसा है ?
3. पद्यांश में किन-किन धर्मों के बारे में बताया गया है ?
4. सोने, चाँदी, हीरे जैसी फसलों वाला देश क्या है ?
5. उपर्युक्त पद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

## II. नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखो । 3 X 2 = 6

6. खरगोश के पीछे कौन-कौन भाग रहे थे ? क्यों ?
7. भारत की विविध धर्मों के नाम लिखो ।
8. खरगोश के पीछे भागनेवाले जानवरों का भागना कहाँ तक सही है ? अपने विचार लिखिए ।

## III. 9.'' अपना प्यारा भारत देश '' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए । 4 Marks

## IV. भाषा की बात – सूचना के अनुसार लिखिए । 5 X 1 = 5

10. भारत एक प्राचीन देश है । (वाक्य में विशेषण शब्द क्या है ?) ( )
    1. देश 2. एक 3. भारत 4. प्राचीन
11. पेड़ से एक बड़ा फल गिर पड़ा । (रेखांकित शब्द का बहुवचन रूप पहचानिए ।) ( )
    1. फलों 2. फल 3. फलें 4. फला
12. खरगोश भाई कहाँ जा रहे हो ? (रेखांकित शब्द का लिंग बदलिए ।) ( )
    1. भाई 2. भाभी 3. बहिन 4. बहू
13. अचानक खरगोश उठ बैठा । (वाक्य में संज्ञा शब्द पहचानो ।) ( )
    1. खरगोश 2. अचानक 3. बैठा 4. उठ
14. ' 18 ' अक्षरों में पहचानिए । ( )
    1. आठरह 2. चौबीस 3. ग्यारह 4. बीस

# रचनात्मक परीक्षा - 2

VIII Class
Hindi

MARKS– 20 M
Time : 40 Mts

## I. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । 5 X 1 = 5

अगर न होता चाँद रात में
हमको दिशा दिखाता कौन ?
अगर न होता सूरज, दिन को
सोने–सा चमकाता कौन ?

अगर न होती निर्मल नदियाँ
जग की प्यास बुझाता कौन ?
अगर न होते पर्वत, मीठे
झरने भला बहाता कौन ?

1. हम को रात में दिशा दिखानेवाला कौन है ?
2. दिन को सोने–सा चमकानेवाला कौन है ?
3. जग की प्यास कौन बुझाता है ?
4. मीठे झरने बहानेवाला कौन है ?
5. उपर्युक्त पद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

## II. नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखो । 3 X 2 = 6

6. ' बालस्वरूप राही ' के बारे में बताओ ।
7. पर्वत हमारी सहायता कैसे करते हैं ?
8. पेड़ों से हमें क्या लाभ हैं ?

## III. 9. '' कौन '' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखो । 4 Marks

## IV. भाषा की बात – सूचना के अनुसार लिखिए । 5 X 1 = 5

10. नदी का पानी निर्मल है । (रेखांकित शब्द भाषा-भाग की दृष्टि से क्या है ?) (  )
    1. संज्ञा 2. सर्वनाम 3. क्रिया 4. विशेषण
11. यह मीठा झरना है । (रेखांकित शब्द का विलोम पहचानिए ।) (  )
    1. खट्टा 2. कड़ुवा 3. खारा 4. तीखा
12. चाँद रात में हमें दिशा दिखाता है । (रेखांकित शब्द का वचन बदलकर लिखिए ।) (  )
    1. दिशा 2. दिशाओं 3. दिशाएँ 4. इनमें से कोई नहीं
13. निम्न में से बेमेल शब्द पहचानिए । (  )
    1. पर्वत 2. झरना 3. नदी 4. तालाब
14. ' 786 ' अक्षरों में पहचानिए । (  )
    1. सात सौ छियासी 2. सात सौ सत्तासी 3. सात सौ अट्ठासी 4. सात सौ पचासी

# रचनात्मक परीक्षा - 2

**IX Class** MARKS– 20 **M**
**Hindi** Time : 40 **Mts**

## I. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। 5 x 1 = 5

पर्वत कहता शीश उठाकर,
तुम भी ऊँचे बन जाओ।
सागर कहता है लहराकर,
मन में गहराई लाओ।

1. पर्वत क्या कह रहा है ?
2. सागर क्या कह रहा है ?
3. इस कवितांश के कवि कौन है ?
4. ' शीश' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ?
5. उपर्युक्त पद्यांश किस कविता से लिया गया है ?

## II. नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखो। 3 X 2 = 6

6. बच्चों के जीवन में पाठशाला की क्या भूमिका होनी चाहिए ?
7. विपत्तियों का सामना हमें कैसे करना चाहिए ?
8. ' तारे ज़मीं पर ' समीक्षा का निष्कर्ष क्या है ?

## III. 9. ' प्रकृति की सीख ' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए। 4 Marks

## IV. भाषा की बात – सूचना के अनुसार लिखिए। 5 X 1 = 5

10. प्रकृति .... कण-कण में कुछ न कुछ संदेश छिपा होता है। (उचित कारक चिह्न से रिक्त स्थान भरिए।) (  )
    1. में  2. से  3. पर  4. के
11. इनमें पुनरुक्ति शब्द का सही उदाहरण है– (  )
    1. तरल-तरंग  2. उठ-उठ  3. मृदुल-उमंग  4. इनमें से कोई नहीं।
12. बन जाओ ऊँचे भी तुम। (वाक्य सीधा लिखो।) (  )
    1. बन जाओ ऊँचे तुम भी। 2. तुम बन जाओ ऊँचे भी। 3. तुम भी ऊँचे बन जाओ। 4. तुम भी ऊँचे जाओ बन।
13. ' मृदुल ' (शब्द का विलोम पहचानिए।) (  )
    1. कठोर  2. कोमल  3. डरपोक  4. लज्जा
14. ' गहराई ' (शब्द में प्रत्यय पहचानिए।) (  )
    1. ई  2. राई  3. हराई  4. ये सभी

**Reddem Pratap Reddy, SA(Hindi), ZPPHS-KATHERU, RAJAHMUNDRY RURAL, E.G.Dt.** *CEL*: **9989075768.**

# रचनात्मक परीक्षा - 2

X Class — MARKS– 20 M
Hindi — Time : 40 Mts

**I. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।** 5 x 1 = 5

नर - समाज का भाग्य एक है,
वह श्रम, वह भुजबल है,
जिसके सम्मुख झुकी हुई -
पृथ्वी, विनीत नभ-तल है ।

1. नर समाज का भाग्य क्या है ?
2. श्रमिक के सम्मुख क्या झुकते हैं ?
3. इस कवितांश के कवि कौन है ?
4. ' नभ' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ?
5. उपर्युक्त पद्यांश किस कविता से लिया गया है ?

**II. नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखो ।** 3 X 2 = 6

6. लोकगीत के बारे में आप क्या जानते हैं ?
7. रामधारी सिंह दिनकर के बारे में आप क्या जानते हैं ?
8. स्त्रियों के लोकगीत कैसे होते हैं ?

**III.** 9. श्रम के बिना प्रगति नहीं पायी जा सकती है-' कण-कण का अधिकारी' कविता के आधर पर स्पष्ट कीजिए |4 **Marks**

**IV. भाषा की बात – सूचना के अनुसार लिखिए ।** 5 X 1 = 5

10. यह हिन्दी का ही एक प्रचलित बोली है । (रेखांकित शब्द का बहुवचन रूप क्या है ?) (   )
    1. बोल  2. बोलें  3. बोलियों  4. बोलियाँ
11. ' बारहमासा ' (शब्द का समास पहचानिए ।) (   )
    1. द्विगु  2. द्वंद्व  3. कर्मधारय  4. तत्पुरुष
12. इनमें पुनरुक्ति शब्द का सही उदाहरण है– (   )
    1. तन-मन  2. नभ-तल  3. जन-जन  4. जन-धन
13. स्त्री गाना गाती है । (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर पूरा वाक्य लिखिए ।) (   )
    1. पुरुष गाना गाता है ।  2. पुरुष गाना गाएगी ।  3. पुरुष गाना गाता था ।  4. पुरुष गाना गा रहा है ।
14. ' विजीत ' शब्द में उपसर्ग पहचानिए । (   )
    1. वि  2. जीत  3. त्  4. विजी

**Reddem Pratap Reddy, SA(Hindi), ZPPHS-KATHERU, RAJAHMUNDRY RURAL, E.G.Dt.** *CEL:* **9989075768.**

हुआ है। चमक के न होने पर मोती, मान के बिना आदमी और जल के बिना चूना बेकार है।

**4. किसके मिलने पर मनुष्य पागल हो जाता है ?** ज : मादक पदार्थ खाने से मनुष्य पागल हो जाता है। लेकिन कनक मिलने से मनुष्य उससे भी अधिक पागल हो जाता है।

**5. बिहारी ने नर की तुलना किससे की है ?** ज : बिहारी ने नर की तुलना नल के पानी से की है। नल का पानी जितना नीचे होकर चलता है उतना ही ऊपर उठता है। इसी प्रकार नर जितना विनम्रता से रहता है उतना उच्च स्थान पाते हैं।

**6. बिहारी के अनुसार व्यक्ति को कैसा होना चाहिए।** ज : बिहारी के अनुसार व्यक्ति को विनम्रता से होना चाहिए। व्यक्ति जितना विनम्रता से रहता है उतना उच्च स्थान पाते हैं।

**7. नीति वचनों का हमारे जीवन पर क्या प्रभाव होता है ?** जः नीति वचनों का हमारे जीवन पर अधिक प्रभाव होता है। नैतिक भावनाओं का विकास और जीवन में बहुत परिवर्तन होता है। इनका पालन करने से समाज में अच्छे नागरिक कहलाते हैं।

**8. वस्तु विनियोग की दृष्टि से एक के स्थान पर उससे अधिक वस्तुएँ खरीदना ठीक नहीं है। क्यों ?** ज : किसी भी चीज को आवश्यकता से अधिक पाने का विचार ठीक नहीं। इससे एक प्रकार का पागलपन दिमाग पर सवार करता है।

**9. रहीम ने जल के महत्व के बारे में क्या बताया है ?** ज : मनुष्य के जीवन में पानी का बड़ा महत्व है। पानी के बिना सब शून्य है। पानी (चमक) नहीं तो मोती मूल्यहीन बनता है। पानी (प्रतिष्ठा) नहीं तो मनुष्य का जीवन व्यर्थ है। पानी (जल) मिलाये बिना चूना बेकार है।

**10. बिहारी ने सोने की तुलना धतूरे से क्यों की होगी ?** ज : सोने और धतूरे दोनों से मनुष्य में नशा पैदा होता है। धतूरे खाने से मनुष्य में नशा पैदा होता है। सोना मिलने से मनुष्य में उससे भी अधिक नशा पैदा होता है। इसलिए बिहारी ने सोने की तुलना धतूरे से की होगी।

## 11. जल ही जीवन है

**1. सर्वेक्षण में क्या बताया गया है ?** ज : एक दिन समाचार पत्र में एक खबर प्रकाशित हुई कि सर्वेक्षण में बताया गया कि पृथ्वी पर निरंतर पानी की कमी होती जा रही है।

**2. प्रो. दीपेश के होश क्यों उड़ गये ?** ज : प्रो. दीपेश बगीचे में बैठकर आकाश की ओर देखकर कुछ सोच रहे थे। अचानक उनकी नजर एक यान पर पड़ी, जो पृथ्वी पर उतरते-उतरते फिर आकाश की ओर मुड़ गया। यान का आना-जाना देखकर प्रो. दीपेश के होश उड़ गये।

**3. जासूसी यान से क्या तात्पर्य है ?** ज : जासूसी यान से तात्पर्य है कि भूमि पर गुप्त रूप से हमारे रक्षण संबंधी विषय ले जाने के उद्देश्य से आते हैं। वे भूमि पर हमला भी कर सकते हैं।

**4. मानवाकृति अंतरिक्षयात्री कहाँ से आये थे ?** ज : मानवाकृति अंतरिक्षयात्री भूमि से एक प्रकाशवर्ष दूर के ग्रह से आये थे। वे एक मिशन के तहत आए थे।

**5. वे पृथ्वी पर क्यों आये थे ?** ज : उस ग्रह के जल में विषाणुओं के मिल जाने के कारण जहरील हो गया है। उस जल का उपयोग करने से महामारी फैल गई। उससे वहाँ के लोग मरने लगे। भूमि की विशाल जल राशी की कुछ मात्रा चुराकर ले जाने के लिए वे आए थे।

**6. उनकी प्रार्थना क्या थी ?** ज : उनकी प्रार्थना यह है कि– आप लोग हम अंतरिक्ष जलचोरों को माफ कर दें। आप अपने जलाशयों को साफ और सुरक्षित रखें। नहीं तो, आप को भी हमारी तरफ जलचोर बनना पड़ें।

**7. हमारे जीवन में जल का क्या महत्व है ?** ज : जल हमारे जीवन का एक प्रमुख आधार है। जल के बिना जीव राशियों का अस्तित्व ही नहीं है। हमारे लिए आवश्यक आहार पदार्थों के उत्पादन में जल का मुख्य पात्र है।

**8. धरती पर हर हिस्से में जल है, किन्तु स्वच्छ जल की मात्रा बहुत कम है। ऐसी स्थिति में जल का सदुपयोग कैसे करेंगे ?** ज : पेयजल को प्रदूषण से बचाकर विनियोग करें। पहले स्वच्छ जल को संरक्षण करें। स्वच्छ जल के स्रोतों की वृद्धि करें। जल संरक्षण के तरीकों की वृद्धि करें।

**9. हमारे घर पहुँचनेवाले जल का उपयोग हम किसके लिए कर रहे हैं ?** ज : 10% पानी को रसोई घर में विनियोग करते हैं। नहाने और शौचालय के कामों में 40% तक पानी का विनियोग किया जाता है। कपड़ों के धोने में 15%–20% पानी का उपयोग करते हैं।

**10. जल की समस्या भविष्य में क्या विपत्तियाँ ला सकती है ?** ज : जल संकट आता है। हर पाँच में से एक व्यक्ति को पेयजल मिलना असंभव होगा। बिजली की समस्या भी उत्पन्न होगी।

**11. जल की समस्या का समाधान क्या है ?** जः पानी का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। बूँद-बूँद का मोल समझकर उसकी सही-सही उपयोग करना चाहिए। भूगर्भ जल बढ़ाने की कोशिश होनी चाहिए।

**12.'' जल ही जीवन है।'' शीर्षक से आपका क्या अभिप्राय है ?** ज : जल हमारे जीवन का एक प्रमुख आधार है। जल के बिना जीव राशियों का अस्तित्व ही नहीं है। हमारे लिए आवश्यक आहार पदार्थों के उत्पादन में जल का मुख्य पात्र है। इसलिए हम कह सकते हैं कि'' जल ही जीवन है।'' शीर्षक अत्यंत उपयुक्त है।

**13. जल स्त्रोतों के रखरखाव के बारे में आप क्या सुझाव देना चाहेंगे ?** ज : विषैली पदार्थ जल स्त्रोतों में न बहावें। नदियों के पानी को रोकने के लिए अधिक बाँधों का निर्माण करें। वर्षा के पानी को कई स्थानों पर संरक्षण करें।

## 12. धरती के सवाल - अंतरिक्ष के जवाब

**1. निरक्षरों को साक्षर बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?** ज :' अक्षर दीप्ति ' कार्यक्रम के द्वारा गाँव-गाँव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, कला जाताओं और भाषणों के द्वारा साक्षरता का महत्व समझाया जा रहा है।

**2. एक छात्र के रूप में विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए ?** ज : छात्र को हमेशा पढ़ाई में खूब निरंतर परिश्रम करना चाहिए। छात्र को अपने जीवन में एक लक्ष्य बना लेना चाहिए। नैतिक मूल्यों को ग्रहण करना चाहिए।

**3. कलाम के विचार में आदर्श छात्र के गुण क्या है ?** जः हर एक छात्र को स्वयं ईमानदार होना चाहिए। दूसरों को आदर करने का गुण उनमें होना चाहिए। जीवन में एक लक्ष्य बनाकर निरंतर प्रयत्नशील रहना चाहिए। नैतिक मूल्यों का भी पालन करना चाहिए।

**4. टेसी थॉमस के जीवन से हमें क्या संदेश मिलता है ?** जः टेसी थॉमस के जीवन से हमें यह संदेश मिलता है कि हम जो भी पढ़े ध्यान से पढ़े, मेहनत करें और लक्ष्य प्राप्त करने तक रुके नहीं।

**5. अच्छे नागरिक बनने के लिए कौन-से गुण होने चाहिए ?** जः अच्छे नागरिक बनने के लिए अनुशासित रहना चाहिए। सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार को मिटा सके। बालमजदूरी मिटाना भी अच्छे नागरिक का कर्तव्य है।

**6. टेसी थॉमस अब्दुल कलाम को अपना आदर्श मानती है। क्यों ?** जः मिजाइल के क्षेत्र में कलाम जी ने टेसी थॉमस को प्रेरणा दी। इसलिए वह गर्व के साथ कहती है कि वे उनके गुरु है।

**7. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने बाल मज़दूरी को समाप्त करने के लिए क्या उपाय बताये ?** ज : बच्चा स्वयं अपनी पढ़ाई जारी रखने में रुचि दिखायें। माता-पिता को शिक्षित करें। बच्चों से कामलेने वाले मालिकों में आत्म-नियंत्रण की प्रवृत्ति का विकास करें।



Reddem Pratap Reddy, SA(Hindi), ZPPHS-KATHERU, RAJAHMUNDRY RURAL, E.G.Dt. CEL: 9989075768.

होती है। निराशावादी अनुकूल को भी प्रतिकूल से देखता है। आशावादी प्रतिकूल को भी अनुकूल से देखता है।

**7. उलझनों से बचे रहने के लिए हमें कैसी सावधानियाँ लेनी चाहिए ?** ज : सत्य को मानना और समझना चाहिए। मन में विश्वास भरकर निराशा को दूर भगाना चाहिए। सही रास्ता जानकर उस पर चलना चाहिए।

**9. हम भारतवासी (सारांश) :** हम भारतवासी कविता के कवि श्री आर. पी. निशंक जी है। कवि कहते हैं कि भारतवासी दुनिया को पावनधाम बनायेंगे। मन में श्रद्धा और प्रेम का अद्भुत दृश्य दिखायेंगे। ऊँच-नीच का भेद मिटाकर मन में प्रेम भाव भरदेंगे। निराशा दूर भगाकर लोगों में विश्वास जगायेंगे। उलझनों में फँसे लोगों में खुशियाँ भर देंगे। जीवन पथ से भटके हुए लोगों को रास्ता दिखायेंगे। सत्य, अहिंसा, प्रेम और समर्पण से दुनिया को महकायेंगे। धरती को स्वर्ग बनायेंगे।

## (उपवाचक) शांति की राह में...

**1. शांति की परिभाषा क्या हो सकती है ? अपने शब्दों में बताइए।** जः अपने मन को नियंत्रित कर उसे बुराई के रास्ते पर चलने से रोकना ही वास्तविक शांति है। युद्ध, दुःख, लालच और सभी पीड़ाओं को मिटाने को एक मात्र साधन है शांति।

**2. नेल्सन मंडेला के जीवन से हमें क्या संदेश मिलता है ?** जः नेल्सन मंडेला के जीवन से हमें भेद-भाव से दूर रहने, अन्याय का विरोध करने, सामाजिक कार्यों में भाग लेने तथा मुसीबतों का सामना करने का संदेश मिलता है।

**3. मदर तेरेसा ने अपने जीवन में क्या सिद्ध कर दिखाया ?** जः मदर तेरेसा एक ऐसा नाम है जो शांति, करुणा और प्रेम वात्सल्य का पर्याय कहलाता है। उन्होंने यह साबित किया कि मानव सेवा ही माधव सेवा है।

**4. प्रार्थना करनेवाले होंठों से कही अच्छे सहायता करनेवाले हाथ हैं। पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए ?** जः प्रार्थना करनेवाले होंठों से कही अच्छे सहायता करनेवाले हाथ हैं, इस पंक्ति का भाव है कि कथनी से कहीं करनी को अधिक महत्व देना चाहिए।

## 4. कण-कण का अधिकारी

**1. कवि डॉ. रामधारी सिंह ' दिनकर ' का संक्षिप्त परिचय दीजिए।** ज : डॉ. रामधारी सिंह ' दिनकर ' हिन्दी के प्रसिद्ध कवि है। आपका जन्म सन् 1908 में बिहार के मुंगेर में हुआ और निधन सन् 1974 में हुआ। आप हिन्दी के राष्ट्रकवि भी है। ' ऊर्वशी ' ग्रंथ पर इनको ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला।

**2. भाग्यवाद का छल क्या है ?** ज : एक मानव पाप के बल से धन संचित करता है तो दूसरा भाग्य के बल पर सुख भोगना ही भाग्यवाद का छल है।

**3. नर समाज का भाग्य क्या है ?** ज : नर समाज का भाग्य श्रम और भुजबल है।

**4. श्रमिक के सम्मुख क्या-क्या झुके हैं ?** ज : श्रमिक के सम्मुख भूमि और आसमान झुके हैं।

**5. श्रम जल किसने दिया ?** ज : काम करने वाले श्रमिकों ने श्रम जल दिया।

**6. मनुष्य का धन क्या है ?** ज : जो कुछ प्रकृति में रखा हुआ है वह मनुष्य का धन है।

**7. कण-कण का अधिकारी कौन है ?** ज : धरती पर रहनेवाला प्रत्येक व्यक्ति कण-कण का अधिकारी है।

**8. भाग्य और कर्म में आप किसे श्रेष्ठ मानते हैं ? क्यों ?** ज : भाग्य और कर्म में मैं कर्म को श्रेष्ठ मानता हूँ क्योंकि हमें सफलता प्राप्त करनी है तो भाग्य के सहारे बैठने से प्राप्त नहीं होगी। इसलिए हमें मेहनत करनी होगी।

**9. श्रम के बल पर हम क्या-क्या हासिल कर सकते हैं ?** जः श्रम के बल से हम सब को वश कर सकते हैं। श्रम के बल पर मिले संपदा को हम सबसे पहले भोग सकते हैं। श्रम के बल से हम सब से गौरव पा सकते है।

**10. कवि मेहनत करने वाले को सदा आगे रखने की बात क्यों कह रहे हैं ?** जः जो मेहनत करता है वही आगे बढ़ता है। देश के विकास के लिए मूलकारक है मेहनत करनेवाला। वे ही समाज के अन्नदाता और सुखदाता हैं।

**11. सब से पहले सुख पाने का अधिकार किसे हैं ?** जः देश की प्रगति में श्रमिकों का महत्वपूर्ण स्थान है। सब से पहले सुख पाने का अधिकार श्रमिक को ही मिलता है।

**12. कण-कण का अधिकारी (सारांश) :** कण-कण का अधिकारी कविता के कवि श्री रामधारी सिंह दिनकर जी हैं। कवि इस कविता में श्रम का महत्व समझाते हैं। भीष्म धर्मराज से कहते हैं कि हे धर्मराज ! एक मनुष्य पाप के बल से धन कमाता है, तो दूसरा उसे भाग्यवाद से भोगता है। श्रम और भुजबल मानव समाज का आधार तथा भाग्य हैं। श्रम के सामने आसमान और पृथ्वी आदर से सिर झुकाते हैं। श्रम करनेवालों को सुख से वंचित नहीं रहना चाहिए। श्रम से बढ़कर मूल्यवान धन नहीं है। श्रम करनेवालों को ही सुख भोगने का पहला अधिकार है।

## 5. लोकगीत

**1. कवि श्री भगवतशरण उपाध्यायजी का संक्षिप्त परिचय दीजिए।** ज : भगवतशरण उपाध्याय हिन्दी साहित्य के सुपरिचित रचनाकार है। इनका जन्म सन् 1910 में हुआ। इन्होंने कहानी, कविता, रिपोर्ताज, निबंध, बाल साहित्य पर अपनी विशेष छाप छोड़ी है।

**2. लोकगीतों के बारे में आप क्या जानते हैं ?** जः लोकगीत सीधे जनता का संगीत है। इन्हें त्यौहारों और विशेष अवसरों पर गाये जाते हैं। ये साधारण ढ़ोलक, झाँझ, करताल, बाँसुरी आदि की मदद से गाये जाते हैं।

**3. लोकगीत और संगीत का क्या संबंध है ?** ज : लोकगीत और संगीत का अटूट संबंध है। गीत संगीत के बिना हमारा मन रसा से नीरस बन जाता है। संगीत के लिए साधना और बाजों की जरूरत होती है। लोकगीत के इसकी आवश्यकता नहीं होती।

**4. पहाड़ी किसे कहा जाता है ?** ज : गढ़वाल, किन्नौर, काँगडा आदि के अपने-अपने गीत और उन्हें गाने की अपनी-अपनी विधियाँ हैं। उनका अलग नाम ही '' पहाड़ी '' पड़ गया है।

**5. वास्तविक लोकगीत कैसे होते हैं ?** ज : वास्तविक लोकगीत देश के गाँवों और देहातों में हैं। इनका संबंध देहात की जनता से है। इन गीतों में बड़ी जान होती है।

**6. बारहमासा लोकगीतों के बारे में आप क्या जानते हैं ?** जः इसमें बारह (12) महीनों के परिवर्तित स्वभावों का वर्णन होता है। ये बारह पद्यों से युक्त गीतमालिका है। जिसमें विरहवेदना का वर्णन होता है।

**7.' बिदेसिया ' लोकगीत के बारे में आप क्या जानते हैं ?** ज : बिहार में बिदेशिया से बढ़कर दूसरे गाने लोकप्रिय नहीं है। इन गीतों में रसिकप्रियों और प्रियाओं की बात रहती है। गानेवालों के अनेक समूह इन्हें गाते हुए देहात में फिरते हैं।

**8. स्त्रियों के लोकगीत कैसे होते हैं ?** ज : नारियों के गाने साधारणतः अकेले नहीं, दल बाँध कर गाये जाते हैं। स्त्रियाँ ढोलक मदद से गाती हैं। गाने के साथ नाच का भी पुट होता है।

**9. लोकगीत किसके प्रतीक हैं ?** ज : जीवन जहाँ आनंद से पुलकित होता है, वहाँ आनंद के श्रोतों की कमी नहीं हो सकती। ये लोकगीत हमारी